हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936
शनिवार
12 अप्रैल 2025, चैत्र शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, विक्रमसंवत् 2082, बरेली

PAGE NO : 04 MIDDLE

# वुमन फिजिशियंस की कॉन्फ्रेंस आज से

बरेली। एसआरएमएस में वुमन फिजिशियंस ऑफ इंडिया की दो दिवसीय कांफ्रेंस का शुभारंभ शनिवार को होगा। एसआरएमएस की डॉ. स्मिता गुप्ता ने बताया कि कांफ्रेंस में पद्मश्री हासिल करने वाली पहली महिला फिजिशियन डॉ. अलका देशपांडेय और वूमन फिजिशियंस आफ इंडिया की चीफ पैट्रन डॉ. सरिता बजाज समेत तीन दर्जन से ज्यादा महिला फिजिशियन महिलाओं की बीमारियों, उनके बेहतर इलाज और शोध कार्यों पर व्याख्यान देंगी।